**NEWS CLIPPING:09.12.2022**

# PIONEER

## कार्यशाला में रेडियो, साक्षात्कार, उद्घोषणा का ज्ञान दिया

### दो दिवसीय कार्यशाला में मीडिया विद्यार्थियों ने सीखीं रेडियो रिकॉर्डिंग की बारीकियां

### जेसी बोस विवि के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने कराई रेडियो कार्यशाला संपन्न



जेसी बोस विश्व विद्यालय में आयोजित कार्यशला को संबोधित करते मुख्य वक्ता पार्थ सराथी थपलियाल।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय रेडियो कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ऑल इंडिया रेडियो के पूर्व कार्यकारी कार्यक्रम प्रस्तोता पार्थसारथी थपलियाल ने मीडिया के विद्यार्थियों को रेडियो कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया।

कार्यशाला में रेडियो विशेषज्ञ एवं मुख्य वक्ता के रूप में ऑल इंडिया रेडियो के पूर्व कार्यकारी कार्यक्रम प्रोस्ता पार्थसारथी थपलियाल थे। जिन्हें रेडियो रिकॉर्डिंग का 38 साल का अनुभव हैं। थापलियाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 182 कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग करने का अनुभव है। थपलियाल का विभाग अध्यक्ष एसोसिएट प्रो डॉ पवन सिंह ने स्वागत किया और सहायक प्राचार्य डॉ सुभाष गोयल और डॉ तरुणा नरूला ने स्मृति चिंह भेंट कर अभिनंदन किया। ऑल इंडिया रेडियो के पूर्व कार्यकारी कार्यक्रम प्रस्तोता पार्थसारथी थपलियाल ने कार्यशाला के पहले दिन मीडिया विद्यार्थियों को रेडियो कार्यक्रम, शब्द उच्चारण, साक्षात्कार, उद्घोषणा का व्यावहारिक ज्ञान दिया। साथ ही अपने अनुभव साझा किए। दूसरे दिन विद्यार्थियों को दिए गए असाइनमेंट को जांचा और उसमें सुधार के साथ साथ कुछ सुझाव भी छात्रों को दिए। उसके उपरांत विश्वविद्यालय के रेडियों रूम में रिकॉर्डिंग की बेसिक जानकारी दी। संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा डिजिटल मीडिया स्टूडियो में दो दिवसीय रेडियो कार्यशाला सहायक प्राचार्य डॉ तरुणा नरूला की देखरेख में संपन्न हुई। जिसमें मीडिया के विद्यार्थियों ने रेडियो कार्यक्रम, स्वर ज्ञान, शब्द उच्चारण, साक्षात्कार, उद्घोषणा की बारीकियों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

**NEWS CLIPPING:09.12.2022**

# HINDUSTAN

## रेडियो कार्यशाला में व्यावहारिक जानकारी दी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से दो दिवसीय रेडियो कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें ऑल इंडिया रेडियो के पूर्व कर्मचारी पार्थ सारथी थपलियाल ने मीडिया के छात्रों को रेडियो कार्यक्रम की जानकारी दी। मुख्य वक्ता ने छात्रों को शब्द उच्चारण, साक्षात्कार, उद्घोषणा का व्यवहारिक ज्ञान भी दिया।

**NEWS CLIPPING:09.12.2022**

# DAINIK JAGRAN

## कार्यशाला में छात्रों को रेडियो कार्यक्रम की रिकार्डिंग संबंधी जानकारी दी गई

**वि., फरीदाबाद :** जेसी बोस विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय रेडियो कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें आल इंडिया रेडियो के पूर्व कार्यकारी कार्यक्रम प्रोस्ता पार्थ सारथी थपलियाल ने विद्यार्थियों को रेडियो कार्यक्रम की रिकार्डिंग संबंधी जानकारी से अवगत कराया।

थपलियाल को पीएम के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 182 कार्यक्रम की रिकार्डिंग करने का अनुभव है। विभागाध्यक्ष एसोसिएट प्रो.डा.पवन सिंह ने थपलियाल का स्वागत किया और सहायक प्राचार्य डा.सुभाष गोयल और डा.तरुणा नरूला ने स्मृति चिंह भेंट कर अभिनंदन किया। पहले दिन विद्यार्थियों को रेडियो कार्यक्रम, शब्द उच्चारण, साक्षात्कार, उद्घोषणा का व्यावहारिक ज्ञान दिया। दूसरे दिन विद्यार्थियों को दिए गए असाइनमेंट को जांचा और उसमें सुधार के साथ साथ कुछ सुझाव भी छात्रों को दिए।

**NEWS CLIPPING:09.12.2022**

# REPCO NEWS

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी द्वारा नए शामिल अधिकारियों के लिए जागरूकता सत्र का आयोजन

**फरीदाबाद, 8 दिसम्बर (रैपको न्यूज)।** जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) द्वारा आईक्यूएसी कार्यालय के नए सदस्यों के लिए एक परिचयात्मक और जागरूकता सत्र आयोजित किया।

निदेशक (आईक्यूएसी) प्रो आशुतोष दीक्षित की अध्यक्षता में आईक्यूएसी सेल के कार्यालय ने हाल ही में अधिकारियों की एक टीम का पुनर्गठन किया है।

इस सत्र की अध्यक्षता डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर ने की।

आईक्यूएसी कार्यालय के नए सदस्यों को सेल द्वारा संचालित कार्यों और गतिविधियों से अवगत कराया गया। साथ ही, उन्हें वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (एक्यूएआर) तैयार करने के तरीके से अवगत कराया गया, जो कि एक अनिवार्य रिपोर्ट है जिसे हर साल निर्धारित प्रारूप में नैक को प्रस्तुत करना आवश्यक होता है।

आईक्यूएसी कार्यालय के उप निदेशक डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने सदस्यों को नैक पोर्टल पर एक्यूएआर डाटा कैसे भरना है, इसकी जानकारी दी। सत्र का समन्वयन आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. रश्मी पोपली ने किया।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय को हाल ही में राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा ए + ग्रेड मान्यता हासिल की है।

मूल्यांकन का परिणाम 18 अक्टूबर, 2022 को आयोजित नैक की स्थायी समिति की 127वीं बैठक में घोषित किया गया था और यह अगले पांच वर्षों के लिए वैध रहेगा।

अब विश्वविद्यालय नैक प्रत्यायन के तीसरे चक्र की तैयारी कर रहा है जो 2027 में देय है। इस प्रकार, विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत एक्यूएआर प्रत्यायन के अगले चक्र के लिए स्व अध्ययन रिपोर्ट (एसएसआर) का हिस्सा होगा।

नैक मान्यता के बाद संस्थान की गुणवत्ता मानकों में सुधार को जानने के लिए एक्यूएआर उपयोगी होता है। यह एक सहायक दस्तावेज है जो विस्तृत जानकारी देता है जो महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्राप्त परिणामों को इंगित करता है।